सीएम ने मावा और रबड़ी का लिया स्वाद

▶ आजीविका स्व-सहायता समूह ने किया था तैयार

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 27 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैतूल जिले के हिल स्टेशन कुकरू में शनिवार को कृष्णा आजीविका स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों का अवलोकन किया. उन्होंने समूह द्वारा तैयार किए गया मावा और रबड़ी का स्वाद लिया तथा महिलाओं से आत्मीय संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महिलाओं से समूह की गतिविधियों, आय के स्रोत तथा शासकीय योजनाओं से प्राप्त सहयोग की जानकारी ली और आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे उनके प्रयासों की सराहना की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुकान में उपलब्ध मावा बनाने की प्रोसेस को देखा और महिलाओं से आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे कार्यों की चर्चा की. उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ-साथ महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. प्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महिलाओं से लाड़ली बहना योजना के तहत मिलने वाली राशि के संबंध में जानकारी ली. उन्होंने पूछा कि योजना की राशि नियमित रूप से प्राप्त हो रही है या नहीं. महिलाओं ने योजना का लाभ मिलने की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया.



▶ हिल स्टेशन कुकरू में देखा सूर्यास्त का मनोहारी दृश्य

मुख्यमंत्री ने बैतूल जिले के सुप्रसिद्ध हिल स्टेशन कुकरू का भ्रमण किया. उन्होंने कुकरू स्थित सिपना सनसेट पॉइंट पर पहुंचकर सूर्यास्त के मनोहारी एवं अलौकिक दृश्य के साथ क्षेत्र के अनुपम प्राकृतिक सौन्दर्य को निहारा. मुख्यमंत्री कुकरू की पर्वत श्रृंखलाओं, हरित वनों और प्राकृतिक छटा से अभिभूत हुए. उन्होंने कहा कि कुकरू प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में विकसित होने की अपार संभावनाएं रखता है.

मुख्यमंत्री ने लगाई रात्रि चौपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुकरू में रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया. उन्होंने ग्रामीणों से सहज भाव से संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ की. उन्होंने कहा कि रोजमर्रा के कामों में यदि किसी भी विभाग के कर्मचारी या अधिकारी के द्वारा किसी भी प्रकार से परेशान किया जाता है, तो वे निसंकोच होकर उन्हें बतायें .रात्रि चौपाल में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मिलनसारिता और आत्मीयता से ग्रामीणों ने अभिभूत होकर मुख्यमंत्री के समक्ष खुलकर अपनी बातें रखीं.

बच्चों को सिखाया मंच पर प्रस्तुति देना

▶ दुष्यंत कुमार ऑडिटोरियम में कथक कार्यशाला

निज संवाददाता

भोपाल, 27 जून. उस्ताद अलाउद्दीन ख़ां संगीत एवं कला अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के सहयोग से नटराज संगीत विद्यालय, भोपाल द्वारा 22 जून से 28 जून तक दुष्यंत कुमार ऑडिटोरियम में सात दिवसीय कथक कार्यशाला आयोजित की जा रही है. इस कार्यशाला में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की और शास्त्रीय नृत्य की विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया.

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कलाकारों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की परंपरा, अनुशासन और मंचीय प्रस्तुति की गहराई से जानकारी देना रहा. प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को नृत्य की बारीकियों,अभिव्यक्ति और तकनीकी कौशल से जोड़ने का प्रयास किया गया, जिससे वे अपनी कला को और अधिक निखार सकें. कार्यशाला में दिल्ली से पधारीं पद्मश्री शोभना नारायण ने प्रतिभागियों को विशेष प्रशिक्षण दिया. उन्होंने लयकारी, भाव, अभिनय और मंच पर प्रस्तुति की तकनीकों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया. उनके निर्देशन में विद्यार्थियों ने कथक की बारीकियों को समझते हुए निरंतर अभ्यास किया.



इस सात दिवसीय आयोजन में लगभग 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया. कार्यशाला का संयोजन एवं संचालन कथक नृत्यांगना अमिता खरे द्वारा किया गया, जिन्होंने बताया कि इस प्रकार के शिविर प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. कार्यशाला का समापन 28 जून सुबह 10 बजे से 12:00 बजे तक दुष्यंत कुमार ऑडिटोरियम में होगा, जिसमें सभी प्रतिभागी अपनी कथक प्रस्तुतियों के माध्यम से सात दिनों के प्रशिक्षण का प्रदर्शन करेंगे.

महिला की हत्या के तीन दोषियों को उम्रकैद

▶ जिला अदालत ने 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 27 जून. जिला अदालत ने शनिवार को चाकू मारकर महिला की हत्या करने वाले तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई. आरोपियों पर अदालत ने दस-दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है. प्रकरण में शासन द्वारा की ओर से विशेष लोक अभियोजक दीप्ति पटेल ने पैरवी की.

दीप्ति पटेल ने बताया कि न्यायालय ज्योति राजपूत सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी आदित्य उर्फ आदी साहू, धीरेंद्र, सरफराज को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है. घटना 19 अप्रैल 2023 की है. फरियादी नर्मदी बाई ने पुलिस थाना टीला जमालपुरा में सूचना दी की उनकी बहू 19 अप्रैल 2023 को घर वापस नहीं लौटी.इसके बाद 23 अप्रैल को फरियादी सुरजीत ठाकुर ने थाना बिलखिरिया में सूचना दी कि उनके खेत में बने टपरे में करीब 30 से 35 वर्ष की अज्ञात महिला मृत पड़ी है, उसके शरीर से काफी दुर्गंध आ रही है. . जांच के दौरान शव की शिनाख्त मृतिका के पति एवं सास द्वारा की गई. विवेचना के दौरान मृतिका के मोबाइल नंबर की सीडीआर निकालकर जांच की गई. एक मोबाइल नंबर से मृतिका के मोबाइल पर 13 बार बातचीत हुई. वह मोबाइल सरफराज के नाम पर था, जो 19 अप्रैल के बाद से बंद पाया गया. पीएसटीन डाटा में आरोपी सरफराज, धीरेन्द्र एवं मृतिका तीन के मोबाइल नंबर घटना दिनांक को कन्हासैया होना पाया गया. पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर सरफाराज ने बताया है कि उसके दोस्त आदित्य ने महिला से पैसे उधार लिये गये थे. महिला द्वारा अपने पैसे वापस मांगने से आदित्य परेशान होकर मरने के लिये बोलने लगा. तब आरोपीगणों ने महिला को मारने की योजना बनाई. इसी योजना के तहत 18 अप्रैल को एक व्यक्ति से मोबाइल छीन कर उसकी सिम का उपयोग कर मृतिका को फोन कर आदित्य ने उधार लिये गये पैसों को लौटाने का कहकर मिलने के लिये बोला. महिला द्वारा उनको को नर्मदा अस्पताल के बाहर शाम को मिलने के लिये बताया गया. मिलने के लिये आरोपी ऑटो लेकर पुहंचे और महिला को ऑटो में बिठाकर कन्हासैया खंडहर ले गए और चाकू से मारकर हत्या कर दी.

ब्रिज से महिला ने लगाई छलांग, मौत

भोपाल, 27 जून. परवलिया थाना इलाके में ब्रिज से छलांग लगा एक महिला ने आत्महत्या कर ली. राहगीरों की सूचना मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया. पुलिस महिला की शिनाख्त करने में जुटी है. जानकारी के मुताबिक मुबारकपुर गांव में बने एक ब्रिज पर शुक्रवार दोपहर एक महिला पहुंची. वह बहुत देर तक ब्रिज के ऊपर घूमती रही और अचानक से नीचे कूद गई.करीब चालीस फीट की ऊंचाई से गिरने से महिला की मौके पर मौत हो गई. महिला की फोटो के आधार पर उसकी शिनाख्त की जा रही है. महिला की उम्र करीब पैंतीस साल आंकी गई है. उसके एक हाथ पर संतोष कुमारी नाम गुदा है.

नशा मुक्त समाज के लिए आगे आएंगे नव आरक्षक

▶ बुनियादी प्रशिक्षण सत्र में दिलाया संकल्प

विशेष संवाददाता

भोपाल, 27 जून. अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस ने उज्जैन स्थित पुलिस प्रशिक्षण शाला में छठे नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेष जागरूकता कार्यशाला आयोजित कर नव आरक्षकों को नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया.

कार्यशाला का मुख्य संदेश था कि नशे से दूरी ही अपराध और सामाजिक बुराइयों से सबसे बड़ी सुरक्षा है. कार्यशाला का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी ने किया.



उन्होंने मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, नशा मुक्त जीवन के महत्व तथा समाज में जनजागरूकता बढ़ाने में पुलिस की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को कानून लागू करने के साथ-साथ समाज को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने में भी अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए.कार्यक्रम में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), इंदौर के निरीक्षक गौरव जायसवाल ने प्रशिक्षुओं को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, अवैध तस्करी के तौर-तरीकों तथा नशे से उत्पन्न सामाजिक, आर्थिक और नैतिक समस्याओं की विस्तृत जानकारी दी.

प्रतिभागियों को मादक पदार्थों से संबंधित सूचना देने के लिए संचालित टोल-फ्री हेल्पलाइन 1933 की जानकारी दी गई और नागरिकों से इस हेल्पलाइन का अधिकाधिक उपयोग कर नशे के खिलाफ अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया. कार्यक्रम में युवाओं से अपील की गई कि वे स्वयं नशीले पदार्थों से दूर रहें, अपने साथियों को भी नशे की लत से बचाएं तथा स्वस्थ, सुरक्षित और नशा मुक्त समाज के निर्माण में योगदान दें. कार्यशाला के समापन पर नव आरक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने नशा मुक्ति की शपथ ली.

जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने वितरित कीं साइकिलें

भोपाल, 27 जून. जिला पंचायत उपाध्यक्ष और शिक्षा समिति के सभापति मोहन सिंह जाट ने ग्राम पंचायत सूखीसेवनिया के शासकीय मंगल पांडे हाई स्कूल में18 साइकिल एवं ग्राम पंचायत बरखेड़ी अब्दुल्ला के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में 12 साइकिल वितरित की.इस अवसर पर सरपंच नियामत खान, प्रचार श्रीमती दीप्ति रानी श्रीवास्तव, माध्यमिक शाला प्रभारी किरण बाथम, शिक्षक भावना भाटी, रुपेश पटवा, जितेंद्र सिंह, एसएमसी अध्यक्ष सविता अहिरवार, अमित मीणा, विद्या सूर्यवंशी एवं छात्राएं उपस्थित थे.

चुनाव सुधार और वैश्विक अधिकारों पर जोर

▶ दुष्यंत कुमार पांडुलिपि संग्रहालय में व्याख्यान

सिटी रिपोर्टर

भोपाल, 27 जून. शिवाजी नगर स्थित दुष्यंत कुमार पांडुलिपि संग्रहालय सभागार में आयोजित 'पुनर्जागरण व्याख्यान' में विश्व परिवर्तन मिशन के विश्वात्मा ने चुनाव सुधार, सामाजिक न्याय और वैश्विक अधिकारों को लेकर कई सुझाव रखे. कार्यक्रम का आयोजन विश्व परिवर्तन मिशन की मध्य प्रदेश इकाई द्वारा किया गया था.

अपने संबोधन में विश्वात्मा ने कहा कि मौजूदा मानवाधिकार और संवैधानिक अधिकार आज के वैश्वीकरण के दौर में पर्याप्त नहीं हैं. उन्होंने 'वैश्विक भागीदारी और शांति मंत्रालय' के गठन की मांग करते हुए कहा कि इससे नागरिकों की सुरक्षा और भागीदारी सुनिश्चित की जा सकती है. उन्होंने एपीएल और बीपीएल श्रेणी के लोगों को 'वोटरशिप अधिकार' के तहत प्रतिमाह 11,900 रुपये देने का प्रस्ताव भी रखा. साथ ही उन्होंने जनसंख्या के आधार पर इन वर्गों को संसद और विधानसभाओं में आरक्षण देने की बात कही. कार्यक्रम में अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह ने भी चुनाव सुधार और ईवीएम के मुद्दे पर विचार रखे और जन आंदोलन की आवश्यकता बताई.



निगम ने अतिक्रमण हटाया,सामान जब्त

भोपाल. नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की. इस कार्रवाई के तहत दुकान के बाहर लगा अवैध टीन का शेड, किचिन गार्डन की जाली, बांस-बल्ली का टपरा तोड़कर नाली के ऊपर रखी फर्शियां, चबूतरे, दो पहिया एवं चार पहिया वाहन, बस, ट्रक, मलमा, टीन की चादर, रेत, गिट्टी, गमले, दुकानों के बाहर रखा सामान, फुटपाथ से चश्मे, सब्जी की दुकान, ठेले, गुमठी, पान पार्लर, फोल्डिंग टेबिल, स्टेंड बोर्ड, जाली, स्टूल, कुर्सी व अन्य अतिक्रमण हटाकर फास्ट फूड की गाड़ी, ठेले व गन्ने की चरखी जब्त की.

चंपत राय से बड़ा भ्रष्ट कोई नहीं : दिग्विजय

▶ श्रीराम मंदिर दान और आरएसएस पर तीखे आरोप

उज्जैन,27 जून. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर एक ऐसी सनसनी फैला दी, जिसमें भाजपा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को तो क्लीन चिट दे दी और अब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर ही सवाल खड़े होने लगे हैं. दरअसल, सिंह ने कहा कि पुराने प्रशासनिक भवन कोठी को 1 रुपए में लीज पर दिया इसमें कोई गलत कार्य नहीं हुआ है.

वह सरकारी ट्रस्ट ही है कमलनाथ सरकार के दौरान तो इसे ओबेरॉय होटल में हम तब्दील करने वाले थे. जबकि जीतू पटवारी लगातार मध्य प्रदेश सरकार को घेर रहे हैं कि वीर भारत न्यास को जो इमारतें लीज पर दी गई हैं, वो गलत है और उन पर सवाल खड़े किए जा रहे थे. इधर दिग्गी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर दूध का दूध पानी का पानी कर दिया. दिग्विजय सिंह ने शनिवार को उज्जैन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राम मंदिर ट्रस्ट, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और महाकाल मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए.



दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय पर निशाना साधते हुए कहा कि चंपत राय से बड़ा बेईमान और भ्रष्ट व्यक्ति कोई नहीं है. भगवान राम के मंदिर के नाम पर जमकर चंदाखोरी की गई है. उन्होंने आरोप लगाया कि चांदी की ईंटों, गहनों, विदेशी चंदे और नकद दान में भारी अनियमितताएं हुई हैं. उन्होंने चंपत राय के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर विस्तृत जांच कराने की मांग की. दिग्गी राजा ने कहा की कसम राम की खाते हैं चंदा मंदिर का ही खाएंगे.

ऑटो चालक और साथी ने दो लोगों पर किया हमला

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 27 जून. छोला मंदिर थाना क्षेत्र में एक ऑटो चालक और उसके साथी ने दो लोगों पर चाकू से हमला कर दिया. किराए की बात को लेकर विवाद करते हुए आरोपियों ने यह हमला कर दिया. घायलों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई.

पुलिस ने आरोपियों की के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक फरियादी चांद खा निवासी ईंटखेड़ी ने शिकायत दर्ज कराई कि शुक्रवार को देर रात वह ऑटो से अपने साथी सोहेल के साथ इमामबाड़ा गया था. वहां ताजिया देखने के बाद चांद अयाज के ऑटो में बैठकर बिलाल कॉलोनी पहुंचा. अयाज ने इस दौरान तीन सौ रुपए किराया बताया.

इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया. आरोपी अयाज ने अपने साथी इबाद खान के साथ मिलकर चांद और उसके दोस्तों के साथ मारपीट करने लगा. आरोपी अयाज ने अपने पास से चाकू निकाल कर दोनों पर हमला कर दिया.

टीआई ने साइबर अपराधों से बचने के दिए टिप्स

नवभारत न्यूज

बैरसिया, 27 जून. मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित 'सेफ क्लिक 2.0 – सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन' साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन ने एटीएम के पास एकत्रित आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया.

उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, साइबर फ्रॉड, सोशल मीडिया धोखाधड़ी, ओटीपी साझा करने के दुष्परिणाम तथा डिजिटल सुरक्षा के विभिन्न उपायों के बारे में विस्तार से बताया. थाना प्रभारी ने विशेष रूप से 'रुको, देखो और संतुष्ट होने पर ही क्लिक करो' संदेश पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी अज्ञात लिंक, संदेश अथवा आकर्षक ऑनलाइन ऑफर पर बिना जांच-पड़ताल के क्लिक करना साइबर अपराधियों के जाल में फंसने का प्रमुख कारण बनता है. उन्होंने अपील की किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से पूर्व उसकी सत्यता की जांच अवश्य करें तथा साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं. थाना प्रभारी ने डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने का संकल्प भी लोगो को दिलाया.



निगम अमले ने 19 पशुओं को कांजी हाउस भेजा

भोपाल, 27 जून. नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वतंत्र विचरण करने वाले पशुओं को पकड़कर कांजी हाउसों में भेजने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है. इसी तारतम्य में शनिवार को 19 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउसों में एवं बीमार/घायल 03 पशुओं को आसरा पशु चिकित्सालय भेजा.

नाम परिवर्तन

मैं SHAKEEL AHMED KHAN S/O JAMEEL AHMAD KHAN आयु वयस्क निवासी: 137/3 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कोहेफिजा भोपाल, मेरे दस्तावेजों में पहले मेरा नाम SHAKEEL AHMAD KHAN दर्ज था, जो कि बदल कर मेरा नाम SHAKEEL AHMED KHAN हो गया है. अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है. अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा.

नाम परिवर्तन

मैं मो. यासिर मुकीम पुत्र मोहम्मद मुकीम निवासी मकान नं. 36/3, गली नं.-4, कुम्हारपुरा जहांगीराबाद भोपाल म.प्र. सूचित करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम YASIR MUQEEM व जन्मतिथि 17/07/1990 दर्ज हो गई है जो कि गलत है. मेरा सही नाम MOHD YASIR MUQEEM व जन्मतिथि 17/07/1991 है. इसी को पासपोर्ट में दर्ज किया जाए.

R.N.- 62309

नाम परिवर्तन

मैं शकीला मुकीम SHAKEELA MUQEEM पत्नी मोहम्मद मुकीम इस्माईल निवासी मकान नं. 36, कुम्हारपुरा जहांगीराबाद भोपाल म.प्र. सूचित करती हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम शाकीला बेगम (ISHAKILA BEGUM) दर्ज था जो कि गलत है. मेरा सही नाम SHAKEELA MUQEEM है. इसी नाम से जाना जाए और पासपोर्ट में यही दर्ज किया जाए.

R.N.- 62309

1261/2026

न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बुधनी जिला सीहोर

RCSA/69/2024

पेशी दिनांक 13.07.2026

भवानी शंकर रेकवार

विरुद्ध

महेश कुमार मीणा बगैरा

एतद् द्वारा अनावेदक सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण भवानी शंकर रेकवार के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत सी.पी.सी. की धारा 34, जिसका वाद क्रमांक RCSA/69/2024 है, जिसमें महेश कुमार मीणा, आयु 40, निवास- चिनार फारचून सिटी एन.एच.-3 नर्मदापुरम रोड भोपाल, तह. हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. को अनावेदक के रूप में पक्षकार बनाया गया है, जिसमें उनकी उपस्थिति हेतु पेशी सुनवाई दिनांक 13.07.2026 को नियत की गई है, जिसमें आप महेश कुमार मीणा, आयु 40, निवास- चिनार फारचून सिटी एन.एच.-3 नर्मदापुरम रोड भोपाल, तह. हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. अपना प्रतिपक्ष रखने या हित या संबंध हो तो अपने प्लीडर या अभिभाषक, जिसे आप द्वारा उक्त प्रकरण के संबंध में समझाकर निर्देशित किया गया है, जिससे यह प्रकरण में आपकी ओर से उपस्थित होकर आपका पक्ष समर्थन कर सके, नियत पेशी दिनांक को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित रहें और अपना पक्ष रखें. अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही करके आपके बिना सुने जाकर निर्णय पारित किया जायेगा, उक्त पेशी दिनांक को अवकाश घोषित होने पर न्यायालय द्वारा प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में होगी. जो सूचित हो.

दिनांक 13.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया.

सील

(सुश्री सपना शिवहरे)
सिविल जज क्लास -1
बुदनी जिला सीहोर (म.प्र.)

सतर्कता | साइबर क्राइम पुलिस की एडवाइजरी जारी

अकाउंट ब्लॉक होने का डर दिखाकर करते हैं ठगी

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 27 जून. साइबर ठग लाइफ सर्टिफिकेट अपडेट, जीवन प्रमाण वेरिफिकेशन , पेंशन केवाईसी अपडेट अथवा पेंशन अकाउंट ब्लाक होने का डर दिखाकर ठगी करने का प्रयास कर रहे हैं. साइबर क्राइम पुलिस ने इस संबंध में एडवाइजरी जारी की है.

ठग स्वयं को बैंक, पेंशन विभाग, सरकारी अधिकारी या सीएसी कर्मचारी बताकर कॉल/मैसेज करते हैं.लाइफ सर्टिफिकेट अपडेट न होने पर पेंशन बंद होने की झूठी जानकारी देते हैं.फर्जी लिंक,एपीके फाइल भेजकर व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी चुराते हैं.मोबाइल में एनी डेस्क, ड्रीम विवर, क्विक स्पोर्ट जैसी रिमोट एक्सेस ऐप डाउनलोड करवाते हैं.ओटीपी, एटीएम कार्ड विवरण, यूपीआई पिन या बैंक खाते की जानकारी प्राप्त कर धनराशि की ठगी करते हैं.

क्या न करें

- फोन पर प्राप्त लिंक पर क्लिक कर व्यक्तिगत जानकारी दर्ज न करें.
- पेंशन बंद होने या खाते के ब्लॉक होने की धमकी से घबराकर जल्दबाजी में कोई कार्रवाई न करें.
- किसी को भी अपने मोबाइल या बैंक खाते का नियंत्रण न दें.

क्या करें

- लाइफ सर्टिफिकेट अपडेट के लिए केवल अधिकृत सरकारी पोर्टल या संबंधित बैंक शाखा का ही उपयोग करें.
- किसी भी अज्ञात कॉल, संदेश या व्हाट्सएप लिंक पर भरोसा न करें.
- किसी व्यक्ति के कहने पर ओटीपी, यूपीआई पिन, सीवीवी, पासवर्ड या बैंकिंग जानकारी साझा न करें.
- किसी भी अनजान व्यकित के कहने पर मोबाइल में रिमोट एक्सेस ऐप इंस्टॉल न करें,
- किसी सूचना की पुष्टि अपने बैंक, पेंशन कार्यालय या अधिकृत सरकारी स्रोत से करें.

मधुमेह जागरुकता कार्यक्रम संपन्न



बैरसिया, 27 जून. शासकीय पीएम श्री गर्ल्स स्कूल में मधुमेह जागरूकता अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ. यह जागरूकता अभियान एक एनजीओ द्वारा आयोजित किया. इसमे बीआरसी आरके गुर्जर , प्राचार्य गीता जोशी , गजराज सिह गुर्जर , बीएसी धीरेंद्र वर्मा, दिलीप सिंह ठाकुर अतिथि रहे. कार्यक्रम में डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. प्रखर गुप्ता ने बच्चों, उनके माता-पिता एवं शिक्षकों को डायबिटीज के लक्षण, बचाव ओर उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी. कार्यक्रम में ब्लॉक के 110 शिक्षकों ने भाग लिया. एनजीओ संचालक ने मधुमेह जागरूकता अभियान का उद्देश्य बच्चों के व्यवहार में सुधार, उनके माता पिता और स्कूल स्टॉफ को जागरूक करना है.